महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन
केन्द्रीय अनुसंधान बोर्ड

दिनांक 17/01/2022 समय: प्रात: 11 बजे

कार्यविवरण

उपस्थिति

प्रो. विजय कुमार सी.जी	अध्यक्ष
प्रो. सीमा शर्मा (कला संकाय	सदस्य
प्रो. हरिप्रसाद दीक्षित (वेद वेदांग संकाय	सदस्य
प्रो. रामशरण पाण्डेय (प्राचीन विज्ञान संकाय)	सदस्य
डॉ . तुलसीदास परौहा (नामित सदस्य)	सदस्य
डॉ . उपेन्द्र भार्गव	सदस्य
डॉ. एल.एस सोलंकी	सदस्य

वैदिक मंगलाचरण के साथ बैठक में उपस्थित सदस्यों का माननीय कुलपति जी ने स्वागत किया तथा कुलसचिव जी ने सभी को पुष्पगुच्छ भेंट कर माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष से अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की।

विषय क्रमांक 1	विश्वविद्यालय में परियोजनाओं को गृहीत कर उन पर कार्य करने पर विचार।
टीप	विश्वविद्यालय में परियोजनाओं को गृहीत कर उन पर कार्य करने की योजना की रूप रेखा पटल पर प्रस्तावित है।
निर्णय	सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पटल पर प्रस्तुत रूपरेखा को मान्य किया जाये।

विषय क्रमांक 2	विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों को शोध तथा अध्ययन अध्यापन विषयक मार्गदर्शन प्रदान करने पर विचार।

टीप	विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत आचार्यो को शोध तथा अध्ययन अध्यापन हेतु मार्गदर्शन दिया जाना आवश्यक है। इस हेतु एक संक्षेपिका का निर्माण किया गया है। पटल पर विचारार्थ प्रस्तुत है।
निर्णय	विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया गया कि पटल पर प्रस्तुत तैयार संक्षेपिका को मान्य कर प्रकरण को अनुमोदित किया गया है।

विषय क्रमांक 3	अन्तरविषयक तथा बहुविषयक अनुसंधान कार्यो कार्यक्रमों का संचालन एवं प्रचार करने की रूपरेखा पर विचार ।
टीप	अन्तरविषयक तथा बहुविषयक अनुसंधान कार्यो कार्यक्रमों के संचालन एवं प्रचार प्रसार के लिये रूपरेखा तैयार कर पटल पर अवलोकनार्थ रखी गई है।
निर्णय	विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया गया कि यथास्थिति प्रकरण को मान्यता प्रदान की गई ।

कुलसचिव ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शान्ति मंत्र के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

कुलसचिव
डॉ . दिलीप सोनी

कुलपति
प्रो. विजयकुमार सी.जी.